an>

Title : Need to enhance the Minimum Statutory Price of Moong Dal (Green Gram) in Nagaur, Merta and Degana in Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) ः मैं सरकार का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि राजस्थान के नागौर जिले में और मेरे संसदीय क्षेत्र के मेड़ता एवं डेगाना विधानसभा क्षेत्र के किसानों को मूंग की फसल का समर्थन मूल्य पर सरकार की ओर से खरीद करने का निर्णय लेकर किसानों को राहत प्रदान की है। इस निर्णय से माननीय प्रधानमंत्री जी के किसानों की आय में वृद्धि करने का संकल्प परिलक्षित होता है।

मैं मूंग की सरकारी खरीद में आने वाली कुछ परेशानियों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जो निम्न प्रकार हैः-

1. समर्थन मूल्य जो कि 5250 रू. है, में वृद्धि की अपेक्षा है।
2. मूंग को तुलवाने के कांटों की संख्या में वृद्धि हो ताकि किसान समय पर अपना माल तुलवाकर बिक्री कर सके।
3. मूंग के उत्पादन में प्रकृति के कारण किस्म में न्यूनता आई है उसे भी या तो सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदे अथवा अनुदान के माध्यम से किसान को क्षतिपूर्ति प्रदान कराने का निर्णय ले।

मेरा आग्रह है कि उपरोक्त तीनों बिंदुओं पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार कर किसानों को राहत प्रदान करने का निर्णय ले ताकि किसान अपने उत्पाद को सुविधाजनक तरीके से बिक्री कर सके एवं अपने माल का सही दाम प्राप्त कर राहत प्राप्त कर सकें।